अरुणाचल प्रदेश सरकार
प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ईटानगर
अरुणाचल प्रदेश राजकीय बोर्ड पूरक परीक्षा

सत्र - 2021-2022

विषय - हिंदी

कक्षा - पाँचवी

समय - 3 घंटे

पूर्णांक - 100

उतीर्णांक - 33

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड 'क' और 'ख' है।
2. सभी प्रश्नो का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
3. सभी प्रश्नो के अंक उनके सम्मुख अंकित है।
4. स्वच्छता एवं स्पष्टता पर ध्यान दें ।

खण्ड 'क'

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

एक दिन कोको अपने माता - पिता के खेत पर जाने के बाद उठता है। माँ की अनुपस्थिति में उसे घर की देखभाल करनी हैं। उसकी माँ ने उसके लिए चावल की चार रोटियाँ बनाकर अलमारी में रख गई है। कोको को चावल की रोटियाँ बेहद पसंद है।

क) कोको के माता - पिता कहा गए हुए थे? (1)

ख) माँ की अनुपस्थिति में घर की देखभाल कौन करता था? (2)

ग) चावल की कितनी रोटियाँ थी? (1)

घ) चावल की रोटियाँ कहा रखी थी? (1)

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों मे से किन्ही आठ (8) प्रश्नों का उत्तर लिखिए -(3 x 8 = 24)

क) अकबर ने जब नक्काशी सीखना चाहा तो केशव ने उन्हे संदेह भरी नजरों से क्यों देखा?

ख) इला की कशीदाकारी में खास बात क्या थी?

ग) गांधी जी को सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा?

घ) कुम्मी के हाथ जो किताब आई थी वह कब छपी होगी?

Scanned by CamScanner

ङ) लोनपोगार किन - किन बातो के बारे मे सोचकर परेशान होते थे?

च) फसल के त्योहार पर तिल का बहुत महत्व होता है। तिल का किन - किन रूपों मे इस्तेमाल किया जाता है?

छ) अब्बा ने क्या सोचकर आरिफ की बात मान ली?

ज) स्वामी का अपनी दादी के साथ कैसा रिश्ता था?

झ) बिरान घायल तितर को क्यों बचाना चाहता था?

ञ) 'अपने घर के नल के पाईप मे मोटर लगवाना दूसरों का हक छीनने के बराबर है।' लेखक ऐसा क्यों मानते है?

प्रश्न 3. सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए - (1 x 4 = 4)

(अपंग, दिक्कतों, डाक - सेवक, दखलंदाजी)

क) अकबर को पहरेदार की .... अच्छी नही लगी।

ख) इला सचानी एक ..... लड़की थी।

ग) पैदल हरकारों को तरह - तरह की .... का सामना करना पड़ता था।

घ) कॅवरसिंह भारतीय डाक सेवा मे ...... का काम करता था।

प्रश्न 4. "गुरू और चेला" नामक कविता की कहानी को अपने शब्दों मे लिखो - (10)

प्रश्न 5. सही विकल्प पर (✓) और गलत पर (X) का चिन्ह लगाईए - (1 x 5 = 5)

क) रतन देखने मे अन्य बच्चों की तरह था परन्तु बोल नही सकता था।

ख) बाघिन पूरा दिन पहरा देती रहती हैं।

ग) 'छोटी सी हमारी नदी' नामक कविता की रचयिता श्री रवींद्रनाथ ठाकुर है।

घ) खिलौनेवाला कविता मे तीन नाम, राम, कौशल्य और ताड़का रामायण की प्रसिद्ध कथा के पात्र है।

ङ) कुम्मी मन ही मन मे उस मशीन - अध्यापक को कोसती थी।

प्रश्न 6. कौन - कौन सी चीजें तुम्हें बिल्कुल बेकार लगती है? (4)

क) पहनने की चीजें ....

ख) खाने - पीने की चीजें ....

ग) करने के काम ....

घ) खेल ....

प्रश्न 7. सुमेल कीजिए - (5)

क)	ऊधम मचाना	1)	मूर्ख
ख)	सदियों पहले	2)	सबसे अच्छा डाकिया
ग)	बेवकूफ	3)	शोर मचाना
घ)	पेट में चूहे दौड़ना	4)	वर्षो पहले
ङ)	बेस्ट पोस्टमैन	5)	बहूत भूख लगना

Scanned by CamScanner

खण्ड 'ख'

प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100 शब्दो का निबंध लिखिए- (10)

1. मेरा विद्यालय 2. गाय 3. मेरा प्रिय खेल

प्रश्न 9. अपनी अस्वस्थता (बीमारी) बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक को दो दिनों की छुट्टी के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए - (5)

अथवा

आपका मित्र परीक्षा में अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुआ, उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही पाँच शब्दों के विलोम लिखिए। (5)

1. आकाश 2. अपना 3. आशा
4. ऊँचा 5. कठिन 6. प्रशंसा

प्रश्न 11 निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही पाँच शब्दों के बहुवचन लिखिए। (5)

1. मालां 2. स्त्री 3. रात
4. गाय 5. लड़की 6. पुस्तक

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों में उचित अनुस्वार और अनुनासिक लगाईए। (5)

1.चाद 2. आख 3. गगा
4. साप 5. पतग 6 मा

प्रश्न 13. संज्ञा किसे कहते हैं। (3)

प्रश्न 14. निम्नलिखित पाँच शब्दों के लिंग बदलिए। (5)

क) शेर ख) धोबी ग) मामा घ) मोर ङ) लेखक

प्रश्न 15. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए। (5)

क) आँख दिखाना
ख) हाथ मलना
ग) कमर कसना
घ) अगर - मगर करना
ङ) उल्लू बनाना

Scanned by CamScanner